Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to make available fertilizers and seeds to farmers and also set up procurement centres for wheat and paddy in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती व जिला बलरामपुर मे खाद एवं बीज की अनुपलब्धता किसानो की महत्वपूर्ण की समस्या है, खाद एवं बीज समय पर सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है जिससे किसान को खाद बीज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और किसानो के धान खरीद के लिए पर्याप्त क्रय केन्द्र खोला जाय और जितने धान / गेहूं खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन किसानो के किये जाय वे तय समय के भीतर क्रय किये जाय । पिछले वर्ष किये गये धान / गेहूं खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन का अब तक तौल नहीं हो पाया है । कृषि मंत्रालय से मांग है कि खाद बीज समय पर किसानों को उपलब्ध कराया जाय और किसानो की धान खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में कय केन्द्र खोला जाए जिससे किसानों को खाद एवं बीज और गेहूँ / धान का खरीद / बिक्री आसानी से कर सकें ।